**श्री भगवती लाल गमेती, क्वार्ट्ज, फेल्सपार एवं मेसोनरी स्टोन माईन्स, पर्यावरण संबंधी जनसुनवाई दिनांक 20.06.2024 प्रातः 11.00 AM बजे, भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र ग्राम पंचायत भानसोल, ग्राम–भानसोल, तहसील–मावली, जिला–उदयपुर**

यह जनसुनवाई भारत सरकार के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, द्वारा जारी पर्यावरणीय प्रभाव आकलन अधिसूचना (EIA No ca on) दिनांक 14.09.2006 एवं संशोधित अधिसूचना दिनांक 01.12.2009 के प्रावधानों के अनुरूप राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल, उदयपुर के तत्वाधान में आयोजित की जा रही है। उक्त जनसुनवाई के लिए नियमानुसार 30 दिवस पूर्व आम सूचना स्थानीय समाचार पत्र दैनिक नवज्योति में दिनांक 04.05.2024 एवं राष्ट्रदूत में दिनांक 04.05.2024 को प्रकाशित करवा दी गई है।

यह जनसुनवाई **"श्री भगवती लाल गमेती"** द्वारा प्रस्तावित **क्वार्ट्ज, फेल्सपार एवं मेसोनरी स्टोन** खनन परियोजना (**एम.एल.न. 19/2022** (लीज क्षेत्र 1.9469 हैक्टेयर) क्लस्टर के अन्तर्गत सभी खनन पट्टो को शामिल करते हुए कुल क्लस्टर क्षेत्र 9.9904 हैक्टेयर, प्रस्तावित कुल उत्पादन क्षमता 4,46,865 TPA (ROM) एवं प्रस्तावित क्वार्ट्ज, फेल्सपार एवं मेसोनरी स्टोन उत्पादन क्षमता 1,53,202 TPA निकट ग्राम–भानसोल, तहसील–मावली, जिला–उदयपुर स्थित प्रस्तावित परियोजना हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति बाबत् आयोजित की गई है। प्रस्तावित परियोजना की लागत लगभग रू. 156/– लाख है।

अतः उद्योग के पर्यावरणीय सलाहकार द्वारा परियोजना के बारे में जो जानकारी दी जावेगी उसे ध्यानपूर्वक सुन तत्पश्चात् आपको यदि इसके बाबत् कोई सुझाव/शिकायत हो तो कृपया सबसे पहले अपना परिचय दें जिसमें आप अपना नाम तथा गांव का नाम बताए साथ ही अपना सुझाव/शिकायत जो भी हो लिखित अथवा मौखिक जैसा आप उचित समझें हमें दे सकते हैं।

इस जनसुवाई के दौरान आप द्वारा जो भी सुझाव/शिकायत की जावेगी चाहे वह लिखित हो या मौखिक हो उसे हम कलमबद्ध करेंगे तथा जनसुनवाई की कार्यवाही की विडियोग्राफी भी ली जा रही है। इसकी सी. डी./डी.वी.डी. के अनुरूप कार्यवृत तैयार किए जायेंगे जिसको राज्य स्तरीय पर्यावरणीय प्रभाव आकलन प्राधिकरण (SEIAA), जयपुर को प्रेषित करेंगे क्योंकि इस इकाई को सन्दर्भ की शर्त (TOR) दिनांक 20.01.2023 को इस कमेटी द्वारा जारी की है एवं उसमें वर्णित समस्त शर्तों की उद्योग द्वारा पालना की जा रही है या की जायेगी जिसकी संपूर्णता सुक्षमता से जांच कर पर्यावरण स्वीकृति पत्र जारी करने की कार्यवाही करेंगे।

उपखण्ड मजिस्ट्रेट
मावली, जिला उदयपुर

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल
उदयपुर (राज.)

लोक जन सुनवाई में उपस्थित क्षेत्र के पधारे हुए उधोग मालिक, ग्रामीण एवं जन प्रतिनिधि सदस्यों की सूची (परिशिष्ठ "अ" में सलंग्न) है।

उपरोक्त के पश्चात इकाई के पर्यावरणीय सलाहकार श्री महेन्द्र गौड़ द्वारा उक्त इकाई के संबन्ध में तैयार की गई ई.आइ.ई रिपोर्ट संबंधित बनायी गयी कार्यकारी सारांश/ई.आई.ए. की विस्तृत जानकारी दी गई जो की संलग्नक ''ब''के अनुसार है।

अतः कार्यकारी सारांश/ई.आई.ए. की विस्तृत जानकारी के पश्चात श्री शरद सक्सेना क्षेत्रीय अधिकारी रा.प्र.नि.म. उदयपुर द्वारा उपस्थित आमजन को अपने आक्षेप, सुझाव, शिकायते रखने हेतु आंमत्रित किया गया जो कि निम्नानुसार है:–

**श्री मनसुख राम डामोर जी, उपखण्ड मजिस्ट्रेट, (एस.डी.एम.), मावली, उदयपुर :–**

धन्यवाद सर मै सर्वप्रथम परियोजना संबंधी प्रत्यशी से निवेदन करूंगा कि वो एक एक कर अपना परिचय दे तो सबसे पहले में चाहूँगा कि सभी यहाँ पर जो है वो अपना परिचय दें।

**श्री शरद सक्सेना जी, क्षेत्रीय अधिकारी, राप्रनिम, उदयपुर :–**

इस माईन्स के संबंध में कोई भी शिकायत या आगे सुझाव देना चाहे कोई काम करना हो, कोई यहाँ पर सीएसआर में है ना प्रोजेक्ट प्रोपोनेन्ट से यह कहना चाहूँगा जिस स्कूल में अपन बैठे है इसके जो बाथरूमस है इसकी कन्डीशन बिल्कुल पूअर है एक तो इसमें यहाँ नेक्स्ट जुलाई से बच्चे आ जाऐगें पढाई करने लग जाऐगें इसकी कन्डीशन को ईम्प्रूव करना है इसको।

**श्री महेन्द्र गौड, पर्यावरणीय सलाहकार :–**

मैं परियोजना प्रस्तावके से निवेदन करता हूँ कि दो शब्द वो कहे और आशव्स्त करे कि वो यहाँ गांव के सरपंच साहब और जो स्थानीय पंचायत है उनके साथ मिलजुल गांव के निर्माण के कार्य होगें उनमें और विकास के लिए योगदान करेंगे।

**श्री भगवती लाल गमेती, प्रोजेक्ट प्रोपोनेन्ट :–**

यह कि स्कूल में पेड़ पौधे लगाऐंगे, पानी का छिड़काव करेंगे गांव का विकास करेंगे, बाथरूम में साफ सफाई करवाऐंगे।

उपखण्ड मजिस्ट्रेट
मावली, जिला उदयपुर

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल
उदयपुर (राज.)

**श्री शरद सक्सेना जी, क्षेत्रीय अधिकारी, राप्रनिम, उदयपुर :–**

इसमें रोजगार कितने जनों को दोगे इसमें।

**श्री भगवती लाल गमेती, प्रोजेक्ट प्रोपोनेन्ट :–**

60 लोगों को।

**श्री शरद सक्सेना जी, क्षेत्रीय अधिकारी, राप्रनिम, उदयपुर :–**

वो सारे गांव के होने चाहिए लोग और आप में से कोई कुछ कहना चाहे तो आ सकता है। आपका नाम बता दिजिए और गांव का नाम बता दिजिए।

**श्री किशन लाल मेघवाल, ग्राम–भांसोल :–**

सर किशन मेघवाल नाम है लोकल भांसोल का ही निवासी हूँ। हमारा सिर्फ यही कहना है सर कि हमारे लोकल लोगो को भी रोजगार मिले बहुत सारे ट्रेक्टर, जेसीबी डम्पर बाहर के लोगो को बुला के काम करना से बेटर है हमारे यहाँ के लोकल लोगो को रोजगार मिलेगा तो कोई ऑब्जेक्शन करने वाला होगा तो हम कह सकते है कि हमने 100 लोगो का पेट भरा है। दूसरी बात यह है कि सर कि छोटे मोटे जो भी अन्दर काम हो उनमें भी हमारे बहुत सारे मजदूर है। कोई बाहर उदयपुर जा के काम कर रहा है, कोई नाथद्वारा जा के काम कर रहा है, कोई बाहर जा के काम कर रहा है। अगर उनको मिले और दोनो पीढी गांव और सामने वाली पीढी मिल के काम करे और रोजगार मिलेगा तो मेरे हिसाब से किसी को ऑब्जेक्शन नही होगा और दूसरी बात लिज होने के बाद जो डम्पर वगेरा चलते है साहब थोड़ी सी निवेदन यह है कि वो थोड़े धीरे चले कुछ सिंगल रोड होती खराब हो जाती है और हमारे गांव को क्या बोर्डर के हम बहुत दुखी है दुखी यूँ है कि हम बोर्डर पर है विकास कि गंगा चालू होती है चित्तौड़ से यहा आते आते घडा खाली हो जाता है ना तो हमारी रोडे सही है जैसे हम नाथद्वारा जाते है थोडा सा आगे जाके राजसमन्द बोर्डर आ जाता है। हम इतना परेशान होते है डेढ–डेढ फीट के खड्डे है ना तो हम मोटरसाईकिल निचे उतार पाते है और ना ही उपर चडा पाते है और डम्पर वाले आते है तो बैचारा वो भी नही उतार पाएगा नोर्मल सी बात है भरा हुआ डम्परा उतारेगा तो पल्टी खाएगा उसकी मजबुरी कि वो नही उतार पाता है और हमारी मजबुरी हम बाईक उतारते है तो हमारा भी एक्सिडेन्ट होता है खैर इनकी जो माईन्स है यह बता रहे है कि वो शिशवी होके जाएगा ठीक है वो भी पब्लिक है उधर कि भी तो उसका भी यह ध्यान रखे पब्लिक का भी ध्यान रखे और आराम से काम करे और 10 चक्कर होले डम्पर के तो आठ करे पुरा नोर्मल

उपखण्ड मजिस्ट्रेट
मावली, जिला उदयपुर

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल
उदयपुर (राज.)

तरीके से काम करे तो सबका अच्छा रहेगा मिलझुल के सरकार का भी फायदा हो पर्सन्ल जो ले रहा हो उसक भी फायदा हो ग्रामीणों का फायदा हो ऐसी कोई बात हो तो बहुत अच्छा रहेगा।

**श्री मनसुख राम डामोर जी, उपखण्ड मजिस्ट्रेट, (एस.डी.एम.), मावली, उदयपुर :–**

जहाँ तक माईन्स पे काम करने का सवाल हो तो कुछ काम तकनीकी विज्ञप्ति से होते है जो ऐक्सपर्ट होते है वही करते है तो कोशिश करो की यहां के लड़के जो आगे पड़े कुछ आईटीआई टेंडर होते है जो देखिए कई बार माईन्स ऑनर की भी कुछ सीमाएं रहती है अनस्किलड लोगों को यहा तक रख सके।

**श्री किशन लाल मेघवाल, ग्राम–भांसोल :–**

वह चीज हम समझ रहे है लेकिन जहॉ लगता है कि मजदुर जैसे काम बोरिंग करवानी है मिट्टी डलवानी है।

**श्री मनसुख राम डामोर जी, उपखण्ड मजिस्ट्रेट, (एस.डी.एम.), मावली, उदयपुर :–**

पहले पायोरिटी आपको देगें तो ही इससे काम चलेगा।

**श्री किशन लाल मेघवाल, ग्राम–भांसोल :–**

और सर हम आपसे यह कहेगें हमारे माईन्से बहुत चल रही है लेकिन डीएमएफटी का सर हमारे रोडो को कोई काम नही आता है डीएमएफटी में माईन्से चल रही सब तरफ काम हो रहा है। हमारे पास में सिधु गांव है जैसे वो माईन्स चल रही है वहां पे साहब वो डेढ किलोमीटर रोड़ इतनी खराब है तो डम्पर आबादी क्षेत्र में होके निकलते है लेकिन इतनी दिक्कते है आपका लोकल गांव है इतनी दिक्कत है इतने परेशान है लोग।

**श्री मनसुख राम डामोर जी, उपखण्ड मजिस्ट्रेट, (एस.डी.एम.), मावली, उदयपुर :–**

देखिए आप मेरे को रिटन में जो भी काम हो आप ज्ञापन लाए हो आप मेरे को रिटन में दिजिएगा जो भी प्रश्न हो और जो भी आपने विशेष में बोलना है तो उसमें कि यह आपके गांव के लिए पोईन्ट वर्ड या इनके स्थानीय कारण का ठेका होगा तो भी भारत सरकार का एक्ट है उनको अवगत करना जरूरी है।

उपखण्ड मजिस्ट्रेट
मावली, जिला उदयपुर

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल
उदयपुर (राज.)

**श्री किशन लाल मेघवाल, ग्राम–भांसोल :–**

हमारे यहां सबसे बडी प्रोब्लम है पानी की पानी की प्रोब्लम यह है कि पास में जैसे कि हमारे यहा नाथद्वारा है दो ढाई किलोमीटर बाद नाथद्वारा है आ सकता है नन्दसमंद का पानी लेकिन नही आता है सारे ही हम पानी कि व्यवस्था करता है हम जावड़, भांसोल और पामड़ा यह तीन बंजर इतने दुखी है पानी को साहब कि अभी भी हम 300–400 रूपयें का टेंकर इस धरती में हर आठवें दिन डलवा रहे है।

**श्री मनसुख राम डामोर जी, उपखण्ड मजिस्ट्रेट, (एस.डी.एम.), मावली, उदयपुर :–**

नही तो अब पानी कि दिक्कत है अभी।

**श्री किशन लाल मेघवाल, ग्राम–भांसोल :–**

गर्मी में थोड़ी दिक्कत है मौसम चेंज हो गया तो ठीक है।

**श्री मनसुख राम डामोर जी, उपखण्ड मजिस्ट्रेट, (एस.डी.एम.), मावली, उदयपुर :–**

देखीए मैने पिछली बार उनको कहा भी था मैने कि डिमांड होतो आप हमसे बात करके डिमांड लेटर लिखो मैने कहा भी था उनको फिर भी आप अगर हो।

**श्री किशन लाल मेघवाल, ग्राम–भांसोल :–**

सर हमारे जो लगा हुआ है ना जो लाईन डाली वो चार की चार डाल दी गलती से तो क्या प्रेशन बनता ही नही है। उपर से चार की लाईन नीचे भी जो ग्रामीण क्षेत्र में जा रहा है आबादी क्षेत्र में वो भी चार से चार का प्रेशन बनना बहुत मुश्किल है तो प्रेशर पम्प लग जाए 1 घंटा नही दे आधा।

**श्री मनसुख राम डामोर जी, उपखण्ड मजिस्ट्रेट, (एस.डी.एम.), मावली, उदयपुर :–**

ठीक है में उनसे बात करता हूँ।

**श्री किशन लाल मेघवाल, ग्राम–भांसोल :–**

ठीक है थैक्यू सर।

**श्री शरद सक्सेना जी, क्षेत्रीय अधिकारी, राप्रनिम, उदयपुर :–**

कोई आपकी गांव कि कोई प्रोब्लम हो समस्या हो आपके अपने कोई प्रोब्लम।

**उपखण्ड मजिस्ट्रेट**
**मावली, जिला उदयपुर**

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल
उदयपुर (राज.)

**श्री किशन लाल मेघवाल, ग्राम–भांसोल :–**

सर यह रोड़ तो अगर सेंक्शन हुआ है वो बनेगा यह दिक्कत यही है की बारीश के पानी में कट फट जाता है हमारे जीतने भी लोग है 80 प्रतिशत नाथद्वारा काम कर रहे है। 80 से 85 प्रतिशत लोग तो आते हुए क्या दिक्कत बहुत होती है साहब इस रोड़ का।

**श्री शरद सक्सेना जी, क्षेत्रीय अधिकारी, राप्रनिम, उदयपुर :–**

एस.डी.एम. साहब ने कह दिया आप ज्ञापन दे दो इनको।

**श्री किशन लाल मेघवाल, ग्राम–भांसोल :–**

बिल्कुल साहब थोडा सा यह काम जल्दी चालू हो जाए उधर तो चालू हो गया। उस फेस का इस फेस का बाकी है।

श्री शरद सक्सेना क्षेत्रीय अधिकारी राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, उदयपुर ने उपस्थित जनसमुदाय को बताया कि आपके द्वारा दिये गये सुझावों एवं आक्षेपो को जनसुनवाई के कार्यवृत में शामिल किया जावेगा तथा कार्यवाही विवरण की वीडियो, रिकॉर्डिंग सी.डी (**परिशिष्ठ "स"** में सलंग्न) एवं फोटोग्राफ (**परिशिष्ठ "द"** में सलंग्न) के साथ उन्हें राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण, जयपुर के समक्ष प्रेषित किया जावेगा। इसके बाद क्षेत्रीय अधिकारी महोदय ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर–(प्रशासन), उदयपुर को इस जनसुनवाई को समाप्त करने हेतु निवेदन किया तत्पश्चात जनसुनवाई समाप्ति की घोषणा की गई।

**(मनसुख राम डामोर)**
**उपखण्ड मजिस्ट्रेट, मावली**
**जिला–उदयपुर**
उपखण्ड मजिस्ट्रेट
मावली, जिला उदयपुर

**(शरद सक्सेना)**
**क्षेत्रीय अधिकारी,**
**क्षे.का.,रा.प्र.नि.म., उदयपुर**
क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल
उदयपुर (राज.)

श्री भगवती लाल गमेती, क्वार्ट्ज, फेल्सपार एवं मेसोनरी स्टोन (एम.एल.न. 19/2022, क्षैत्रफल– 1.9469 हैक्टेयर) प्रस्तावित कुल उत्पादन क्षमता 4,46,865 TPA (ROM) एवं प्रस्तावित क्वार्ट्ज, फेल्सपार एवं मेसोनरी स्टोन उत्पादन क्षमता 1,53,202 TPA निकट ग्राम– भानसोल, तहसील–मावली, जिला–उदयपुर पर्यावरण संबंधी जनसुनवाई बाबत् दिनांक 20.06.2024 को 11.00 AM बजे, भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र ग्राम पंचायत भानसोल, ग्राम–भानसोल, तहसील–मावली, जिला–उदयपुर में आयोजित जनसुनवाई में उपस्थित अधिकारी एवं स्थानीय नागरिकगण:–

| क.सं. | व्यक्ति का नाम | पता/विभाग का नाम | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| 1 | मनसुख राम डांगोर | SDM Mavli | [signature] |
| 2 | शरद सक्सेना | RO RSPCB Udaipur | [signature] |
| 3 | मो० आरीफ | Nathdwara | [signature] |
| 4 | मो० साहील | Nathdwara | [signature] |
| 5 | [illegible] | ग्राम [illegible] | [signature] |
| 6 | [illegible] | गाँव मोखमपुरा | [signature] |
| 7 | भगवती लाल | गाँव पलाना | भगवतीलाल |
| 8 | भगवत सिंह | गडवाडा | |
| 9 | जीवन सिंह | गडवाडा | भगवतसिंह |
| 10 | देवी लाल [illegible] | [illegible] | जीवनसिंह |
| 11 | रामलाल | मेघवाल | रामलाल |
| 12 | गंगाराम | भाटोली | गंगाराम |
| 13 | भरत | भानसोल | [signature] |
| 14 | हिम्मत | भानसोल | हिम्मत |
| 15 | रोशन लाल | पलाणाकला | रोशनलाल |
| 16 | किशन लाल | पलाना कला | किशनलाल |
| 17 | धुलाराम गमेती | उसर (कुम्भलगढ़) | [signature] |
| 18 | लालुराम भील | पाडडी (केलवा) | लालुराम |
| 19 | देवी सिंह | भुण्डल (देवगढ़) | [signature] |
| 20 | [illegible] लाल | केलवा | [signature] |
| 21 | C.P. Jeengar | RPCB, Uds | [signature] |

| | व्यक्ति का नाम | पता / विभाग का नाम | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| 22 | विजय सिंघल | आसनसोल | Vijay.. |
| 23 | Manindra Gau | fees, Jaipur | [illegible] |
| 24 | DESHRaj | FEES Jaipur | [illegible] |
| 25. | RITURAJ | Jhoo Sadri, | [illegible] |
| 26 | [illegible] | | [illegible] |
| 27 | [illegible] लाल मेघवाल | [illegible] | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |

Bhagwati Lal Gameti
M.L. No.- 19/2022









एम एल संख्या
क्षेत्रफल है.
1
श्री भगवती लाल गमेती
19/2022
1.9469
2
श्री प्रदीप पालीवाल
117/2014
4.0404
3
श्री भैरू सिंह सिसोदिया
57/2013
4.0031
क्लस्टर का कुल क्षेत्रफल और उत्पादन
9.9904
क्लस्टर पट्टा क्षेत्र 9.9904 हैक्टेयर, क्लस्टर की कुल उत्पादन क्षमता 4,46,865 (टी.पी.ए.) (आर.ओ.एम)
की पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान करने के लिए सामुहिक लोक जनसुनवाई
दिनांक 20/06/2024 प्रातः 11:00 बजे से, स्थान– भारत निर्माण, राजीव गांधी सेवा केंद्र, ग्राम पंचायत भानसोल
ग्राम : भानसोल, तहसील – मावली, जिला : उदयपुर, राजस्थान में प्रस्तावित है।
आवेदित खनन पट्टा क्षेत्रफल – 1.9469 हैक्टेयर, प्रस्तावित खनन पट्टे की उत्पादन क्षमता 1,53,202 टीपीए (आर.ओ.एम)
गाँवः भानसोल, तहसीलः मावली, जिलाः उदयपुर (राजस्थान)
परियोजना प्रस्तावकः श्री भगवती लाल गमेती पुत्र श्री नारू जी गमेती




लिए सामुहिक लोक जनसुनवाई
निर्माण, राजीव गांधी सेवा केंद्र, ग्राम पंचायत
उदयपुर, राजस्थान में प्रस्तावित है।
पट्टे की उत्पादन क्षमता 1,53,202 टीपीए (आर.ओ.एम.)
जिला: उदयपुर (राजस्थान)
लाल गमेती पुत्र श्री नारू जी गमेती







